तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 9 मई 2026



12 जुनून-मेहनत से युवा बनें आत्मनिर्भर सरकार ...





11 मत्स्य पालकों के लिए सुशासन शिविर बना ...






## खबर संक्षेप

### प्रतिभावान विद्यार्थियों का करेंगे सम्मान

**कांकेर।** जिला साहू संघ के युवा प्रकोष्ठ द्वारा 10 मई रविवार को जिला साहू सदन कांकेर में युवा प्रकोष्ठ कार्यशाला के उपरांत प्रतिभावान युवा साथियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 की बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना एवं युवाओं को संगठनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। आयोजन को लेकर युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों में उत्साह का माहौल है।

### पीएमश्री सेजेस दुर्गूकोंदल में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत पीएमश्री सेजेस दुर्गुकोंदल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन जमा करने की अपील की है। प्रवेश पंजीकरण 10 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है, जबकि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 मई तय की गई है। पीएमश्री सेजेस दुर्गुकोंदल के प्राचार्य अजय नेताम ने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ आधुनिक संसाधनों से जोड़ने के उद्देश्य से निरंतर प्रयासरत है।

# शादी में बढ़ी बांस उत्पादों की मांग, कांकेर के पारंपरिक कारीगर हैं उत्साहित

## पर्रा, झाल, चटाई और टोकरी की खूब हो रही बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

वनांचल के आदिवासी अंचलों में आज भी प्रकृति से जुड़ी परंपराएं जीवंत हैं, और इन्हीं परंपराओं का अहम हिस्सा हैं बांस से बने पारंपरिक उत्पाद। खासकर शादी-विवाह और मांगलिक अवसरों में इनकी मांग अचानक बढ़ जाती है। कांकेर जिला मुख्यालय के के सप्ताहिक बाजार में बांस से निर्मित पर्रा, झाल, चटाई और टोकरी जैसे सामानों की खूब बिक्री देखी जा रही है।

कांकेर के दूरस्थ जंगलों में निवास करने वाली विशेष पिछड़ी कमार जनजाति पीढ़ियों से बांस शिल्पकला से जुड़ी हुई है। इनके द्वारा बनाए गए उत्पाद न केवल उपयोगी होते हैं, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपरा का प्रतीक भी हैं। विवाह जैसे अवसरों में इनका विशेष महत्व होता है, जहां विभिन्न रस्मों में बांस के बने सामानों का उपयोग अनिवार्य माना जाता है। कमार जनजाति के कारीगर जंगलों से बांस लाकर उसे काट-छांटकर विभिन्न उपयोगी वस्तुएं तैयार करते हैं।

इनमें सूपा, टोकरी, पर्रा, चटाई, झाड़, पंखा, सजावटी दीवार सामग्री, संदूक, छाते के हैंडल और बच्चों के खिलौने तक शामिल हैं। इन वस्तुओं को वे साप्ताहिक हाट बाजारों में बेचते हैं, जिससे उन्हें आय प्राप्त होती है और यही उनके जीवनयापन का मुख्य साधन है। हालांकि, बदलते समय के साथ बाजार में प्लास्टिक और मशीन से बने उत्पादों की भरमार हो गई है, लेकिन फिर भी लोग पारंपरिक बांस के सामान की ओर अधिक आकर्षित होते हैं। इसकी प्रमुख वजह इनकी मजबूती, पर्यावरण के अनुकूल होना और सांस्कृतिक महत्व है। कांकेर क्षेत्र के ये कारीगर अपनी पारंपरिक कला को जीवित रखे हुए हैं और हर मांगलिक अवसर पर बांस के उत्पादों की महत्ता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।



### वैवाहिक नेग में होता है उपयोग

फिलहाल शादी-विवाह के मौसम के चलते बांस के उत्पादों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे कारीगरों के चेहरे खिल उठे हैं। हालांकि एक चिंता का विषय यह भी है कि पहले जहां जंगलों में आसानी से बांस उपलब्ध हो जाता था, वहीं अब कच्चे माल की कमी के कारण कारीगरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# भाजपा संगठन को मजबूती देने जिला स्तर पर हुई पहली बार मासिक बैठक

**राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश के बाद बैठक का लिया गया निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व की पहल पर संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जिला भाजपा द्वारा 8 मई को पहली बार मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने फरमान सुनाया है कि पहले सप्ताह में मंडल की मासिक बैठक और दूसरे सप्ताह में जिला की बैठक होना चाहिए।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि इन बैठकों में बूथ समितियों एवं शक्ति केंद्रों की संरचना, साथ ही मन की बात कार्यक्रम को प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मई माह के अंतिम रविवार, 31 मई को प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों से संवाद करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है और इसकी सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार अब जिला एवं मंडल स्तर पर नियमित मासिक बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करे। विधायक आशाराम नेताम ने टिफिन बैठक की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार


▶▶|शेष पेज 10 पर


### बैठक में यह रहे उपस्थित

आयोजित बैठक में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, दिलीप जायसवाल, राजा देवनानी, अनूप राठौर, गौतम उइके, अनिता सोनी, अमिता बंजारे, उत्तम जैन, राजीव लोचन सिंह, शंकर सरकार, डॉ. देवेंद्र साहू, अरुण कौशिक, तारा ठाकुर, विजय लक्ष्मी कौशिक, जयना तारम, पीयूष कश्यप, संजू गोपाल साहू, धनेंद्र ठाकुर, निखिल राठौर, तेजेश्वरी सिन्हा, देवेंद्र टेकाम, डिकेश खापर्डे, संतोष भास्कर, कमलेश उसेंडी, खेम तिवारी, सलीम मेमन, प्रवेश चौहान, पंचू नायक, सोमन सिंह कावड़े, सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# जियो टावर से 5 लाख से अधिक की बैटरियां पार, अज्ञात चोरों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना बांदे क्षेत्र के ग्राम पीव्ही 109 गोपालपुर में अज्ञात चोरों ने मोबाइल टावर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की बैटरियों पर हाथ साफ कर दिया। घटना का खुलासा तब हुआ जब जियो कंपनी का टावर अचानक बंद हो गया और तकनीकी जांच के दौरान चोरी की वारदात सामने आई। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कंपनी के क्लस्टर इंचार्ज सुन्दर मणिदास ने थाना बांदे पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल को जगदलपुर स्थित कार्यालय से सूचना मिली थी कि गोपालपुर का जियो टावर बंद पड़ा है। सूचना मिलने पर वे साइड तकनीशियन दीनदयाल मालवी के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर जांच करने पर पता चला कि टावर के ओडिसी कैबिनेट के बाहरी ताले आरी ब्लेड से काटे गए थे। जब मास्टर चाबी से जब बैटरी कैबिनेट खोला गया, तो वहां मौजूद चार कैबिनेट में से तीन कैबिनेट पूरी तरह खाली मिले। अज्ञात चोर वहां से कुल 72 नग बैटरियां चोरी कर ले गए। चोरी गई बैटरियों की अनुमानित कीमत करीब 5 लाख 16 हजार रुपए बताई जा रही है। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। मोबाइल टावर से इतनी बड़ी संख्या में बैटरियों की चोरी होने से सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया


▶▶|शेष पेज 10 पर


# गैस वितरण के नए नियमों ने किया बेहाल, वनवासियों की बढ़ीं मुश्किलें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

- डीएसी और ई-केवाईसी की अनिवार्यता बनी परेशानी, ग्रामीणों ने 20 प्रतिशत छूट बहाल करने की उठाई मांग

सरकार और गैस कंपनियों द्वारा लागू किए गए नए गैस वितरण नियम अब ग्रामीण और वनवासी क्षेत्रों के लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। मोबाइल आधारित डिलीवरी ऑथेंटिकेशन को डबायोमेट्रिक सत्यापन और ई-केवाईसी की अनिवार्यता ने दूरस्थ गांवों के हजारों हितग्राहियों को गैस सुविधा से वंचित होने की कगार पर ला खड़ा किया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि कई परिवार फिर से लकड़ी और सिगड़ी के धुएं भरे चूल्हों की ओर लौटने को मजबूर हो रहे हैं।

नए नियमों के तहत अब उपभोक्ताओं को पिछली रिफिलिंग के 45 दिन पूरे होने के बाद ही नया सिलेंडर बुक करने की अनुमति दी जा रही है। साथ ही डिलीवरी के समय डीएसी कोड या बायोमेट्रिक सत्यापन 100 प्रतिशत अनिवार्य कर दिया गया है। जिन उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी पूरा नहीं हुआ है, उन्हें पहले यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी, तभी गैस सिलेंडर मिल सकेगा। इसके अलावा मोबाइल नंबर बदलने की सुविधा भी फिलहाल बंद कर दी गई है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को उसी पुराने रजिस्टर्ड नंबर पर डीएसी कोड प्राप्त करना पड़ रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं जिनके पास मोबाइल फोन ही नहीं है या वे नियमित रिचार्ज कराने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे में वे न तो गैस बुकिंग कर पा रहे हैं और न ही सिलेंडर प्राप्त कर पा रहे हैं। गैस एजेंसियों ने बिना बुकिंग सिलेंडर देने की व्यवस्था भी पूरी तरह समाप्त कर दी है। बुकिंग के बाद सिलेंडर


▶▶|शेष पेज 10 पर


# हाईवे पेट्रोलिंग : सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते दो युवक गिरफ्तार

**कांकेर।** चारामा थाना पुलिस ने हाईवे पेट्रोलिंग एवं शराब रेड अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी पर अंकुश लगाने की दिशा में सख्त संदेश गया है।

बताया जा रहा है कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम आंवरी रोड किनारे कुछ युवक बैठकर शराब पीते हुए हो-हल्ला कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस को देखते ही कुछ युवक अंधेरे और सड़क किनारे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए, जबकि दो युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में बालोद जिले के जिलावाही निवासी 19 वर्षीय दीपक कुमार नरेटी पिता बिसरूराम नरेटी तथा 18 वर्षीय प्रदीप कुमार टेकाम पिता रतनलाल टेकाम शामिल हैं। मौके से पुलिस ने 4 नग खाली शोले प्लेन देशी शराब की शीशियां, 2 डिस्पोजल गिलास तथा मिक्चर का खाली पैकेट बरामद कर जब्त किया। कार्रवाई के दौरान दोनों युवकों के मुंह से शराब की गंध आने पर उन्हें चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा भेजा गया, जहां डॉक्टर द्वारा जारी मुलाहिजा रिपोर्ट में शराब सेवन की पुष्टि हुई।

जांच के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट की धारा 36 (च) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया। हालांकि मामला जमानती होने के कारण दोनों को जमानत मुचलके पर रिहा कर दिया गया।



# ब्लू प्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण पर हुई कार्यशाला



**दुर्गुकोंदल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए विकासखंड स्तर पर व्याख्याताओं के लिए ब्लू प्रिंट आधारित प्रश्नपत्र निर्माण संबंधी 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन खंड स्त्रोत कार्यालय दुर्गूकोन्दल में किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य कक्षा 10 वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण, संतुलित एवं मानक अनुरूप प्रश्नपत्र तैयार करना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रश्नपत्र की संरचना, अंक वितरण, पाठ्यक्रम आधारित प्रश्न चयन, कठिनाई स्तर का संतुलन तथा मूल्यांकन प्रणाली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जा रहा है।







## खबर संक्षेप

### पंचायत उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 20 तथा 21 (1) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए पंचायत उप निर्वाचन पंच पद के लिए रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किए हैं। जनपद पंचायत कांकेर अंतर्गत पंच के उप निर्वाचन के लिए तहसीलदार कांकेर पौरस वेंताल और जनपद पंचायत नरहरपुर में पंच के निर्वाचन के लिए तहसीलदार नरहरपुर पुष्पराज पात्र को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

### गढ़िया पहाड़ शिव मंदिर में 11 को विशेष कार्यक्रम

**कांकेर।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 01 हजार वर्ष आयोजन के अवसर पर 11 मई को सोमनाथ गुजरात में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में एक विशेष राष्ट्रीय शिखर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के केन्द्र एवं राज्य संरक्षित ऐतिहासिक पुरातात्विक प्राचीन शिवालय व स्मारक में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें मुख्य कार्यक्रम का भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। कांकेर के गढ़िया पहाड़ में स्थित शिव मंदिर परिसर में 11 मई दिन सोमवार को अतिथियों की उपस्थिति में दर्शन श्रृंगार, पूजन, रूद्राभिषेक, शिवालय पर परिचर्चा संगोष्ठी, सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक महाआरती इत्यादि का आयोजन किया जाएगा।

### परीक्षा फॉर्म 30 तक भर सकेंगे

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित द्वितीय मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 के लिए हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी तथा अवसर परीक्षा के आवेदन पत्र 4 मई 2026 से 30 मई 2026 तक सामान्य शुल्क के साथ ऑनलाइन भरे जाएंगे। इस संबंध में शाउमावि दुर्गुकोंदल के प्राचार्य ने बताया कि बोर्ड की इस परीक्षा से हजारों विद्यार्थियों को दोबारा सफलता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### एसपी ने किया रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने दिया 20 यूनिट रक्त

**कोण्डागांव।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर गुरुवार को जिला अस्पताल कोंडागांव में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पुलिस और आईटीबीपी के जवानों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। रक्तदान शिविर में पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल ने रक्तदान कर अधिकारियों और जवानों को प्रेरित किया।

# बस्तर मुन्ने शिविर से ग्रामीणों को राहत, मौके पर मिले प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

जिला प्रशासन द्वारा शासन की जनहितैषी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत डूमरकोट एवं आश्रित ग्राम हवरकोंदल में बस्तर मुन्ने शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर निराकरण किया गया, जिससे ग्रामीणों में उत्साह और संतोष देखने को मिला। शिविर के दौरान राजस्व विभाग द्वारा 7 किसानों के फौती नामांतरण संबंधी प्रकरण तैयार कर ऑनलाइन तहसील आईडी में दर्ज किए गए। इस त्वरित कार्रवाई से किसान प्रमिला बाई, भुखाऊ राम, घासुराम, छगनलाल, रमूला, जुर्री, तीजू राम और कन्हैया राम ने खुशी जताते हुए प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही राजस्व विभाग द्वारा 56 किसानों को निःशुल्क बी-1 एवं खसरा दस्तावेज वितरित किए गए। वहीं शिविर में 4 विद्यार्थियों — युगल प्रसाद, शैलेश कुमार, चंद्राणी कुरेटी और सुमित कुमार को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाकर प्रदान किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान के अंतर्गत शिविर स्थल पर 149 ग्रामीणों की स्क्रीनिंग कर बीपी, शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच की गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिए। शिविर में डूमरकोट से 29 तथा आश्रित ग्राम हवरकोंदल से 19 आवेदन प्राप्त हुए।

## डूमरकोट और हवरकोंदल में आयोजन



प्राप्त आवेदनों में नरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, वृद्धा पेंशन, महतारी वंदन योजना, राजस्व, विद्युत, खाद्य, सहकारिता, पीएम किसान निधि, पीएचई एवं क्रेडा विभाग से संबंधित आवेदन शामिल रहे। शिविर में सरपंच दीपा गंगबेर, नोडल अधिकारी बीरेंद्र कोडोपी, पीठासीन अधिकारी प्रवीण कवाची, पटवारी यशवंत शोरी, वन रक्षक गिरिवर गोटा, स्वास्थ्य कर्मचारी उमेश कुमार दर्रो, लता नरेटी, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सचेन्द्र सोलंकी, पंचायत सचिव बलिराम, रोजगार सहायक कार्तिक बघेल, उपसरपंच रामरतन कुरेटी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पुलिस-सैलरी पैकेज योजना से आरक्षक परिवार को मिली बड़ी मदद

# दिवंगत आरक्षक के परिजनों को मिला एक करोड़ का सुरक्षा संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना आमाबेड़ा में पदस्थ दिवंगत आरक्षक खम्मन लाल सोनवानी के परिजनों को पुलिस विभाग एवं भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त प्रयास से 01 करोड़ की दुर्घटना बीमा सहायता राशि प्रदान की गई। यह सहायता राशि पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा लागू पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत दी गई, जो पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा एवं भारतीय स्टेट बैंक कांकेर के क्षेत्रीय शाखा प्रबंधक संजय प्रसाद तथा शाखा प्रबंधक चारामा पवन कुमार सिन्हा द्वारा दिवंगत आरक्षक के वैध उत्तराधिकारी को सहायता राशि का चेक सौंपा गया। ज्ञात हो कि आरक्षक खम्मन लाल सोनवानी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान 06 नवंबर 2025 को उनका दुखद निधन हो गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने दिवंगत कर्मचारी के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता राशि परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने और आवश्यक कार्यों में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने परिवार को राशि का सदुपयोग करने की सलाह दी तथा साइबर ठगी एवं ऑनलाइन फ्रॉड से सतर्क रहने के लिए जागरूक भी किया। पुलिस अधीक्षक ने भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक द्वारा पुलिस विभाग के साथ निरंतर सहयोग एवं संवेदनशील पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पुलिस सैलरी पैकेज योजना पुलिस कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी साबित हो रही है और इससे कर्मचारियों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना मजबूत हुई है। यह आर्थिक सहायता न केवल दिवंगत आरक्षक के परिवार के लिए बड़ा संबल है, बल्कि राज्य शासन की पुलिस कर्मियों के प्रति संवेदनशीलता, सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी सोच का भी प्रतीक है। आयोजित कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक विंकेश्वरी पिंदे, मुख्य लिपिक विजय देवांगन, वेतन शाखा प्रभारी राजेश भास्कर, स्थापना प्रभारी आकाश नाविक, कार्यालयीन स्टाफ एवं दिवंगत कर्मचारी के परिजन उपस्थित रहे।

## दुर्गूकोंदल में तेंदूपत्ता संग्रहण ने पकड़ी रफ्तार, विभाग लक्ष्य की ओर अग्रसर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

वन मंडल भानुप्रतापपुर पूर्व अंतर्गत वन परिक्षेत्र दुर्गूकोदल में इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। वन मंडलाधिकारी पूर्व भानुप्रतापपुर के निर्देशन एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में 5 मई से क्षेत्र की 18 समितियों में तेंदूपत्ता तोड़ाई एवं संग्रहण कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा इस वर्ष 38,700 मानक बोरा (गड्डी) तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार 7 मई 2026 तक 12,497.380 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण एवं खरीदी की जा चुकी है, जिसे लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में सकारात्मक शुरुआत माना जा रहा है। वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में संग्रहकर्ता पूरे उत्साह और सक्रियता के साथ तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य केवल लक्ष्य हासिल करना नहीं, बल्कि उच्च गुणवत्ता वाले तेंदूपत्तों का संग्रहण सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने संग्रहकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि केवल कोमल, हरे एवं मानक अनुरूप पत्तों का ही संग्रहण करें, ताकि गुणवत्ता बनी रहे और बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके और साथ ही फड़ मुंशियों एवं संबंधित कर्मचारियों को भी गुणवत्ता जांच में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी मिश्रा ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण में मौसम की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। यदि मौसम अनुकूल बना रहा तो निर्धारित लक्ष्य समय पर प्राप्त किया जा सकेगा।

## अपर कलेक्टरों के बीच अपील व पुनरीक्षण प्रकरणों का नए सिरे से कार्य विभाजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा कांकेर में पदस्थ अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे एवं अंतागढ़ में पदस्थ अपर कलेक्टर अंजोर सिंह पैकरा के मध्य अपील, पुनरीक्षण प्रकरणों के निराकरण हेतु नए सिरे से कार्य विभाजन किया गया है। अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे को तहसील कांकेर, चारामा, नरहरपुर, सरोना, भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल तहसील और अपर कलेक्टर अंतागढ़ अंजोर सिंह पैकरा को तहसील पखांजूर, बांदे, कोयलीबेड़ा, अंतागढ़ एवं तहसील आमाबेड़ा के राजस्व प्रकरण छ.ग. भू-राजस्व संहिता के तहत प्रस्तुत अपील (धारा 170 ख के अपील को छोड़कर) पुनरीक्षण, पुनर्विलोकन, प्रकरणों मद परिवर्तन, संबंधी प्रकरणों का





निराकरण एवं छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 के अंतर्गत प्रस्तुत अपील, पुनरीक्षण प्रकरणों के निराकरण हेतु.प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

## प्रसिद्ध मूर्तिकार अरविंद अंतागढ़ में गढ़ रहे हैं आस्था की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

मध्यप्रदेश जबलपुर के प्रसिद्ध मूर्तिकार अरविंद नामदेव इन दिनों बस्तर क्षेत्र में अपनी कला के माध्यम से आस्था को एक नया स्वरूप दे रहे हैं। वह कांकेर जिला अंतर्गत अंतागढ़ के वार्ड नं 3 में विजय साहू के द्वारा वार्डवासियों के सहयोग से बन रहे शिव मंदिर में महादेव की भव्य प्रतिमा का निर्माण कर रहे हैं। इससे पहले भी वे कोंडागांव जिले के बनियागाँव में मां गायत्री का भव्य प्रतिमा का निर्माण कर चुके है। जबलपुर निवासी प्रसिद्ध मूर्तिकार अरविंद नामदेव ने बताया कि वे लगभग पिछले 30 वर्षों से मूर्ति कला के क्षेत्र में सक्रिय रहे है उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में देवी देवताओं, स्वतंत्रता सेनानियों और समाजसेवियों के प्रतिमाएं बनाकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाए



हुवे है। उन्होंने ये भी बताया की गायत्री परिवार द्वारा जिस राज्यों में महा अश्वमेघ यज्ञ होता है तो उन्हें मूर्ति निर्माण करने अवश्य ले जाया जाता है। मूर्तिकार अरविंद ने बताया की शांति कुंज हरिद्वार में मूर्ति निर्माण करने के दौरान उनकी मुलाकात छ.ग. बस्तर के दंतेवाड़ा निवासी मूर्तिकार गम्मोलाल यादव से हुई और दोनो में अच्छा मित्रता हो गई।

गम्मों यादव उनके कला से प्रभावित हो कर बस्तर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा बिखेरने के लिए आग्रह किया और इसी दौरान अंतागढ़ के वार्ड नं 3 में बन रहे। शिव मंदिर में महादेव की प्रतिमा उकेरने के लिए विजय साहू ने दंतेवाड़ा के गम्मोलाल यादव को कॉल किया और बस दोनो ने बस्तर में आस्था का एक नया स्वरुप गढने हामी भर दी और फिर दोनो अपने एक साथी शिव लाल यादव के साथ मूर्ति बनाने अंतागढ़ पहुच गए, जहां आस्था के लिए एक नई पहचान बनाने जुट गए।

### सुशासन तिहार 2026 में नगर पालिका क्षेत्र में जनसमस्या निवारण शिविर

## छह वार्डों से मिले मांग व समस्याओं के 44 आवेदन

**कोण्डागांव।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा विकास नगर वार्ड क्रमांक–08 स्थित सामुदायिक भवन में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वार्ड क्रमांक 06 से 11 तक के छह वार्डों के नागरिकों के लिए विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में नगर पालिका परिषद, प्रधानमंत्री आवास योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा भारतीय डाक विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए। शिविर के दौरान कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 15 मांग संबंधी एवं 29 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल रहे। मांग संबंधी आवेदनों में राशन कार्ड से जुड़े एक आवेदन का मौके पर ही निराकरण करते हुए आवेदक को राशन कार्ड प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के तहत छह गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। एसडीएम एवं संयुक्त संचालक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत एक हितग्राही को आवास की चाबी सौंपी गई। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर 50 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 39 बच्चों का बाल आधार नामांकन किया गया।

## मुसुरपुट्टा में गूंजा सुशासन का संदेश, 10 पंचायतों की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार का आयोजन ग्राम मुसुरपुट्टा में उत्साह और जनसहभागिता के साथ हुआ।

कार्यक्रम में आसपास की दस ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों की बड़ी उपस्थिति देखने को मिली। कार्यक्रम में कृषि विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मछलीपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनपद पंचायत, वन




विभाग, खाद्य विभाग तथा उद्यानिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों को सुनकर त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया। सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य शासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा स्थानीय समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना रहा।

जिला पंचायत की उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है और सुशासन तिहार इसी उद्देश्य को साकार करने का माध्यम बन रहा है। कार्यक्रम में सरपंच दिलीप अरकरा, जनपद सदस्य सहित विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को 24 लाख की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 6 प्रकरणों में वारिसों को कुल 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। बड़ेराजपुर तहसील के खलारी निवासी अघनसिंह की गाज गिरने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी लीलाबाई को 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई। धनोरा तहसील के ग्राम तोड़ासी निवासी रतन की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी सुगन्तीन को सहायता दी गई। फरसगांव तहसील के ग्राम बड़गई निवासी घस्सू की डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी मनाय एवं पुत्र अस्सीराम को सहायता राशि स्वीकृत हुई। कोण्डागांव तहसील के ग्राम बाखरा निवासी मनकी बाई विश्वकर्मा की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पति रामसाय विश्वकर्मा को राहत राशि दी गई।

### फड़ों में जुटे सैकड़ों संग्राहक

# चिखली में तेंदूपत्ता संग्रहण ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

वनपरिक्षेत्र दुर्गुकोंदल अंतर्गत चिखली समिति में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य इन दिनों पूरे जोर-शोर से जारी है। क्षेत्र के विभिन्न फड़ केंद्रों में संग्राहक तेंदूपत्ता तोड़ाई एवं संग्रहण कार्य में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। इसी क्रम में भूतपूर्व जनपद सदस्य एवं सभापति नागसाय तुलावी ने क्षेत्र का दौरा कर फड़ केंद्रों का निरीक्षण किया और संग्राहकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान नागसाय तुलावी ने संग्राहकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे बोनस, बीमा, छात्रवृत्ति एवं अन्य लाभकारी सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने संग्राहकों से अपील की कि वे केवल गुणवत्ता युक्त एवं मानक अनुरूप तेंदूपत्ते ही संग्रहण केंद्रों में जमा करें, ताकि उन्हें बेहतर लाभ प्राप्त हो सके।



### सुचारु रूप से चल रहा काम

इस दौरान पोषक अधिकारी सतीश कुमार ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य शासन के निर्देशानुसार सुव्यवस्थित तरीके से संचालित किया जा रहा है और विभाग द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि खरीदी कार्य अब तक बिना किसी बड़ी समस्या के सुचारू रूप से चल रहा है। सतीश कुमार ठाकुर ने संग्राहकों को गुणवत्ता बनाए रखने और शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि विभाग लगातार फड़ केंद्रों की निगरानी कर रहा है, जिससे संग्रहण कार्य अधिक प्रभावी और पारदर्शी बन रहा है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर समिति चिखली के अध्यक्ष शिवराम हुपेड़ी, बिसेन पुडो, राजेश गोटा, अजय कोवाची, नारायण दुग्गा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण उनके लिए रोजगार और आय का प्रमुख स्रोत है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। संग्राहकों की सक्रिय भागीदारी और वन विभाग के सतत मार्गदर्शन से क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस वर्ष निर्धारित लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर लिया जाएगा और संग्राहकों को अधिकतम आर्थिक लाभ मिलेगा।

## जिले के विभिन्न ग्रामों में आज शिविरों का आयोजन

**कांकेर।** राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए बस्तर संभाग में संचालित बस्तर मुन्ने तथा नियद नेल्लानार 2.0 और राज्य व्यापी सुशासन तिहार का आयोजिन किया जा रहा है। इसी क्रम में बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार के तहत 09 मई को जिले के विकासखण्ड के कुल 40 गांवों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम मेडनार, सोड़े, कांकेर विकासखण्ड के ग्राम कमकाकोडुम, टोंडामरका, माकड़ी सिंगराय, इच्छापुर, आमझोला, कोकानपुर, तालाकुर्रा, किरगोली, मुरडोंगरी, भिरावाही, टुराखार, बोरगांव और पुसावण्ड। चारामा विकासखण्ड के ग्राम प्रधानडोंगरी, चांवडी, परसोदा, भोथा, लखनपुर और जेपरा। दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के ग्राम वयनर, मोखा, गुरदाटोला, कोंडरूज, ओटेकसा, करकाझार, दोड़देकादर, हीगनपुरी, दियागांव और कोपाकटेल। भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम फरसकोट, केंवटी, जामड़ी, जातावाड़ा, टेकोढ़ोड़ा, कुल्हाडकट्टा, हर्फरा, हरनपुरी और नीचेतोनका में शिविर आयोजित किया जाएगा।

पजे 09 का शेष

### भाजपा संगठन को मजबूती...

के आयोजन कार्यकर्ताओं के बीच आत्मीयता और संवाद को बढ़ाते हैं, जो संगठन की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री राजा पांडेय ने तथा आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री जितेंद्र मरकाम ने किया।

**प्रशिक्षण में दिए जाएंगे टिप्स :** आयोजित बैठक में मुख्य रूप से 16 और 17 मई को होने वाले भाजपा के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों की समीक्षा की गई। प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी बृजमोहन देवांगन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के वैचारिक और संगठनात्मक विकास पर विशेष ध्यान देती है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि कार्यकर्ता पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा और जनसेवा के उद्देश्यों को बेहतर ढंग से समझ सकें।

### जियो टावर से 5 लाख...

और पहले से पूरी रेकी की गई थी। शिकायत के आधार पर बांदे पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों और कबाड़ी नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

### गैस वितरण के नए...

मिलने में 4 से 72 घंटे तक का समय लग सकता है। वहीं नए कनेक्शन और सिंगल से डबल कनेक्शन की प्रक्रिया भी अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है। ग्रामीण उपभोक्ता मुन्ना सिन्हा, सोमल जैन, रमेश कुमार, ओम दुग्गा, महेश कुमार मानिकपुरी और महादेव रावटे सहित अन्य लोगों ने शासन और गैस कंपनियों से मांग की है कि पहले की तरह 20 प्रतिशत छूट की व्यवस्था दोबारा लागू की जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से संवेदनशीलता के साथ व्यावहारिक समाधान निकालने की अपील की है ताकि दूरस्थ वनवासी क्षेत्रों के जरूरतमंद परिवार स्वच्छ ईंधन सुविधा से वंचित न हों।

## खबर संक्षेप

### 10वीं बोर्ड परीक्षा में रीता ने लहराया परचम

**घाटलोहंगा।** बस्तर जिले के ग्राम पंचायत बड़े मारेंगा की छात्रा रीता बघेल ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 92.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रीता के पिता अनिल बघेल हैं, जिन्होंने अपनी बेटी की



सफलता पर खुशी जताई। रीता वर्तमान में तोकापाल हाईस्कूल में अध्ययनरत हैं और उन्होंने इसी विद्यालय से 9वीं एवं 10वीं की पढ़ाई पूरी की है। रीता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पहली से आठवीं तक बड़े मारेंगा में प्राप्त की। मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के दम पर उन्होंने यह शानदार उपलब्धि हासिल की। रीता की सफलता से गांव और विद्यालय में खुशी का माहौल है। रीता ने बताया कि आगे भी वे इसी तरह मेहनत कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करना चाहती हैं।

### ग्रामीण की लंबित समस्याओं का किया निराकरण

**बीजापुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 7 मई को जिले की ग्राम पंचायतों में 'चावल महोत्सव' के साथ-साथ श्रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का व्यापक आयोजन किया गया। यह आयोजन राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी सुशासन तिहार के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित प्रमुख योजनाओं जैसे महात्मा गांधी नरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से जुड़ी सभी लंबित समस्याओं का निराकरण किया गया। इस अवसर पर मनरेगा कार्यस्थल पर ग्रामीण श्रमिकों एवं पीएम आवास के हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देने, उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान करने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को गति देने पर विशेष जोर दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सहित अन्य आवास योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासों के निर्माण को अधिकतम 90 दिनों में पूर्ण कराने हेतु हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया गया। पंचायत स्तर पर हितग्राहियों से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें आवंटित राशि की जानकारी दी गई। रोजगार दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत चल रहे सभी कार्यों की मई माह के भीतर सभी प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करने को कहा गया।

### नक्सलवाद उन्मूलन नीति पर 40 लाख स्वीकृत

**बीजापुर।** वामपंथी उग्रवाद प्रभावित हिंसा, सीमा पर से गोलीबरी तथा बारूदी सुरंग, आईईडी विस्फोटों में पीड़ित आम नागरिकों के परिवार की सहायता के लिए केन्द्रीय योजना से संबंधित संशोधित दिशा-निर्देशानुसार 24 अगस्त 2016 से पूर्व घटित घटनाओं के लिये 3 लाख रूपये तथा 24 अगस्त 2016 को अथवा इसके पश्चात हुई घटनाओं के लिये 5 लाख रूपये कुल 40 लाख रूपये सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### दुरधा में मुन्ने सैचुरेशन शिविर का निरीक्षण



**बीजापुर।** एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल एवं जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु साहू ने ग्राम दुरधा में आयोजित बस्तर मुन्ने सैचुरेशन शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। और शत-प्रतिशत सैचुरेशन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में उपस्थित कर्मचारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया। इस अवसर पर एसडीएम एवं सीईओ ने क्षेत्र के तेंदूपत्ता संग्राहकों से भी मुलाकात की। उन्होंने संग्राहकों से तेंदूपत्ता खरीदी की स्थिति एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। प्रशासन द्वारा ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों में लगातार शिविरों एवं निरीक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# विकास, विश्वास और बदलाव की पहचान बने कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

■ नम आंखों से बीजापुर के अधिकारी कर्मचारियों ने दी विदाई

कलेक्टर संबित मिश्रा को शुक्रवार को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भावुक नजर आए। बीजापुर जैसे माओवादी प्रभावित और चुनौतीपूर्ण जिले में उनका कार्यकाल प्रशासनिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण और यादगार माना जा रहा है।

बीजापुर जिले के अधिकांश सुदूर इलाकों तक कभी प्रशासन की पहुंच सीमित थी, लेकिन कलेक्टर संबित मिश्रा के कार्यकाल में विकास और विश्वास की नई पहल देखने को मिली। कठिन परिस्थितियों, सीमित संसाधनों और सुरक्षा चुनौतियों के बावजूद उन्होंने बेहतर समन्वय और संवेदनशील प्रशासनिक कार्यशैली के जरिए जिले को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास किया।

विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव, उपनिदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व संदीप बलगा तथा अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल ने संबोधित



करते हुए कलेक्टर संबित मिश्रा के कार्यकाल को जिले के लिए प्रेरणादायक बताया। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने प्रशासनिक दायित्वों के साथ मानवीय संवेदनाओं को भी हमेशा प्राथमिकता दी। कार्यक्रम के दौरान कई अधिकारी भावुक दिखाई दिए और नम आंखों से उन्हें विदाई दी।

अपने संबोधन में कलेक्टर संबित मिश्रा ने बीजापुर में बिताए कार्यकाल को जीवन का स्वर्णिम समय बताया। उन्होंने जिले की उपलब्धियों का श्रेय जिला प्रशासन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों, पुलिस विभाग तथा मैदानी अमले की टीम भावना और मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि बीजापुर में कार्य करते हुए उन्हें जनता का स्नेह और सहयोग हमेशा मिलता रहा, जो उनके लिए सबसे बड़ी पूंजी है। समारोह के दौरान मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके सरल व्यवहार, कार्य के प्रति समर्पण और विकासोन्मुख सोच को याद करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

बीजापुर ने अपने लोकप्रिय कलेक्टर को भावुक माहौल में विदाई दी। जहां हर आंख नम और हर शब्द सम्मान से भरा दिखाई दिया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी गण समस्त एसडीएम डिप्टी कलेक्टर तहसीलदार सीईओ जनपद पंचायत सहित जिला कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### मत्स्य पालकों के लिए सुशासन शिविर बना वरदान

# हितग्राहियों को मिले आधुनिक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कलस्टर वार हो रहे सुशासन शिविरों से जहां मौके पर ही ग्रामीणों की अधिकतर समस्याओं का समाधान किया जा रहा हैं। वही विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को आधुनिक तकनीकों से युक्त यंत्र उपकरण सामग्रियां निशुल्क वितरण की जा रही है। इससे हितग्राहियों में अच्छा खासा उत्साह देखा जा रहा है

■ तकनीक से मत्स्य पालन की राह हुई आसान

और अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो रहे हैं। इस क्रम में विगत दिवस भूसारास और हल्बारास में संपन्न हुए सुशासन शिविर में मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालकों को उन्नत जाल और आईस बाक्स वितरण करके उनके व्यवसाय को सुविधाजनक और आर्थिक अनुकूलन बनाने का सफल प्रयास किया जा रहा हैं।

विकासखंड कटेकल्याण अंतर्गत ग्राम भूसारास में हितग्राही हिड़मा मण्डावी एवं महादेव मरकाम भी लाभान्वित ग्रामीणों में से एक है। इस संबंध में मत्स्य कृषक हिड़मा ने बताया कि वह विगत 10 वर्षों से अपने स्वयं की भूमि में 0.20 हे. का



तालाब निर्माण कर भारतीय मेजर कार्प रोहू, कतला, मृगल का संचयन कर मछली पालन का कार्य कर रहा हैं। इनके द्वारा उसे प्रतिवर्ष 30 से 40 हजार रूपये मछली विक्रय कर आमदनी होती हैं। जैसा कि हिड़मा ने बताया कि पूर्व में इनके पास जाल उपलब्ध नहीं थे। जिसके फलस्वरूप किराये से जाल लाकर मत्स्याखेट करना पड़ता था। परन्तु राज्य शासन की योजनाओं के माध्यम से सुशासन तिहार 2026 में इन्हें मत्स्याखेट हेतु जाल प्रदाय किया गया जिससे मत्स्याखेट करने में कोई परेशानी नहीं होगी एवं किराये से जाल होने की स्थिति से बचकर वह बेहतर आय अर्जित करेगा। इसी प्रकार एक और अन्य हितग्राही महादेव मरकाम पिता हड़मा ग्राम भूसारास विख कटेकल्याण के मत्स्य कृषक को सुशासन तिहार 2026 में विभागीय फुटकर मछली विक्रय योजना अंतर्गत मछली विक्रय हेतु आइस बॉक्स प्रदाय किया गया है। चूंकि इसके पहले कृषक महादेव को अपने तालाब से निकाली गई मछली को तुंरत आस-पास के स्थानीय बाजारों में ले जाना पड़ता था। और मछली स्टोरेज करने हेतु आईस बाक्स न होने से मछलियों के खराब होने की स्थिति आ जाती थी। लेकिन अब महादेव खुश है क्योंकि सुशासन शिविर में आईस बाक्स प्रदान किया गया। वह अपने तालाब की मछली को निकालकर विक्रय हेतु बाजार ले जाने में कोई परेशानी नहीं होगी और मछली खराब होने की स्थिति से राहत मिलेगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत हल्बारास विख कुआकोंडा में भी मत्स्य कृषक परमेश्वर राना पिता नवल राना एवं सुनील कुमार भोयर पिता सामनाथ भी मत्स्य सामग्रियों से लाभान्वित हुए। कृषक परमेश्वर राना द्वारा विगत 8 वर्षों से अपने स्वयं के भूमि में 0.50 हे. का तालाब निर्माण कर मछली पालन का कार्य किया जा रहा है जिससे उन्हें प्रतिवर्ष 60 से 70 हजार की आमदनी प्राप्त हो रही है। पूर्व में कृषक के पास मत्स्याखेट हेतु जाल उपलब्ध नही होने के कारण मछली पकड़ने में परेशानी हो रही थी। वर्तमान में कृषक को सरकार की मंशानुरूप आयोजित सुशासन तिहार 2026 में विभाग द्वारा मत्स्यासेट हेतु जाल प्रदाय किया गया जिससे कृषक को अब मछली पकड़ने में कोई परेशानी नही होगी। वही सुनिल कुमार के पास भी पूर्व में मछली विक्रय हेतु बाजार तक ले जाने का कोई साधन नहीं था जिससे मछली खराब होने की संभावना बनी रहती थी। परन्तु आईस बाक्स मिलने से जिससे कृषक को बाजार तक मछली ले जाने में दिक्कत नहीं होगा। इस प्रकार राज्य शासन की मंशानुरूप सुशासन शिविर ने हिड़मा मण्डावी, महादेव मरकाम, परमेश्वर राना, सुनील कुमार भोयर जैसे सैकड़ों हितग्राहियों की व्यवहारिक एवं आर्थिक दिक्कतों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दूर दराज के ग्रामीणों के घर तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनने समझने और इसके समाधान करने का यह अभिनव प्रयास सुशासन को सार्थक कर रहा हैं।

### भीषण गर्मी में प्रगणक कर रहे जनगणना कार्य



**भानपुरी।** बस्तर तहसील के ग्राम रेतावंड के क्षेत्र में जनगणना कार्य में लगे प्रगणक संजय पाण्डेय अपने समर्पण और मेहनत से एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। वनांचल में गणना क्षेत्र में कई स्थान ऐसे हैं जहां एक-एक मकान तक पहुंचने के लिए लगभग 2 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ता है। भीषण गर्मी और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद बिना रुके अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। जहां सड़क और परिवहन की सुविधा सीमित है, वहां वे पैदल चलकर हर घर तक पहुंच सुनिश्चित कर रहे हैं, ताकि कोई भी परिवार जनगणना से वंचित न रहे। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाने में उनका यह प्रयास सराहनीय है। स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों द्वारा भी उनके कार्य की प्रशंसा की जा रही है। उनका यह जज्बा न केवल अन्य प्रगणकों के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह दर्शाता है कि कर्तव्य के प्रति समर्पण ही सच्ची सेवा है।

# सुदूर उसूर क्षेत्र पहुंचे कलेक्टर-एसपी

### बुनियादी सुविधाओं और निर्माण कार्यों का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने उसूर ब्लॉक के सुदूर क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विकास एवं बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। 6

■ निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

मई को आयोजित भ्रमण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दौरे के दौरान ग्राम छुटवाही में संचालित बस्तर मुन्ने सैचुरेशन शिविर का निरीक्षण कर गतिविधियों की जानकारी ली गई। सर्वे के दौरान शत-प्रतिशत सैचुरेशन के आवश्यक निर्देश दिए।

इसके पश्चात ग्राम कोंडापल्ली में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उपस्थित एसडीएम भूपेन्द्र गावरे को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। प्रशासन द्वारा सुदूर एवं संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पहुंच बनाकर विकास कार्यों की निगरानी एवं आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

# पीड़िया क्षेत्र में स्वास्थ्य टीम ने घर-घर पहुंचकर की 476 लोगों की स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर विकासखंड के सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्र पीड़िया के आश्रित ग्राम पीड़िया, अंडरी एवं तामोड़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वस्थ बस्तर अभियान के अंतर्गत यूनिवर्सल हेल्थ स्क्रीनिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान स्वास्थ्य टीम ने क्षेत्र में रात्रि विश्राम कर ग्रामीणों के घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्क्रीनिंग कार्य किया। अभियान के तहत टीबी, मलेरिया, फाइलेरिया, कुष्ठ रोग एवं एनसीडी जैसी बीमारियों की प्रारंभिक पहचान कर आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता, पोषण तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति भी जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किए गए स्क्रीनिंग कार्य में- ग्राम पीड़िया में 476



व्यक्तियों की जांच की गई। ग्राम अंडरी में 494 व्यक्तियों की जांच की गई। ग्राम तामोड़ी में 281 व्यक्तियों की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में लगातार स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि प्रत्येक नागरिक को समय पर उपचार एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### इन्द्रावती पार सुदूर अंचलों में जनगणना कार्य जारी

**बीजापुर।** जिले के इन्द्रावती नदी पार स्थित सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्रों में भी जनगणना कार्य पूरी तन्मयता और जिम्मेदारी के साथ किया जा रहा है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद जनगणना दल लगातार गांव-गांव पहुंचकर घर-घर सर्वे कार्य में जुटे हुए हैं। जनगणना कार्य में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचकर प्रत्येक परिवार की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं, ताकि शासन की योजनाओं एवं विकास कार्यों के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें। नदी पार के ग्रामीण इलाकों में पहुंचने के लिए टीमों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, फिर भी कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है तथा मैदानी अमले को आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

# 40 वर-वधू परिणय बंधन में बंधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मददेड

बीजापुर जिले के विकासखंड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मददेड में मुख्यमंत्री कन्यान्तर्गत सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सामूहिक विवाह बाजे गाजे के साथ सम्पन्न हुआ। इस सामूहिक विवाह में 40 वरवधू जिनमें ईसाई धर्म के 4 जोड़े, आदिवासी समाज समुदाय के 11 जोड़े और 25 जोड़े हिंदू धर्म से सभी जाति के वरवधू थे।

श्रीराम कल्याणम मंडपम परिसर में बड़े धूमधाम से सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुल्लैया ने प्रत्येक वरवधू जोड़े को 35000

■ राम कल्याणम मंडपम परिसर में हुआ मुख्यमंत्री कन्यान्तर्गत सामूहिक विवाह

रूपये का चेक आशीर्वाद के तौर पर गिफ्ट स्वरूप सरकार द्वारा दिया गया और जिला पंचायत सदस्य सरिता कुडेम के द्वारा शादी का सर्टीफिकेट प्रदान किया गया।

आदिवासी समाज समुदाय के अध्यक्ष अशोक तलांडी के द्वारा सभी वरवधू के जोड़े और सभी सामान्य लोगों को शपथ दिलाई कि समाज मे शादी का सही समय लड़की की उम्र 18 वर्ष और लड़के की उम्र 21 वर्ष सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है। अगर कोई व्यक्ति इस कानून का उलंघन करता है तो उसके माता पिता को जेल हो जायेगी। हम सभी धर्मों के लोग आज शपथ लेते है कि हम कभी कम उम्र में ना शादी करेंगे ना



ही करने देंगे। सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्यान्तर्गत सामूहिक विवाह योजना के परियोजना अधिकारी कल्पना रथ एव महिला बाल विकास अधिकारी बिस्मिता पाटले के संरक्षण में यह सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ।

मुख्यमंत्री कन्यान्तर्गत सामूहिक विवाह योजना में ग्राम पंचायत सरपंच शारदा सान्ड्रा और उप सरपंच श्याम चित्तापुरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुल्लैया, जिला पंचायत सदस्य सरिता कुडेम, जनपद पंचायत से राहुल कौशिक और आंगनबाड़ी सहायिका शान्ता मरकाम और सुपरवाइजर सावित्री मिरी, उजाला बंजारे, प्रीति मानिक पुरी, सुनीता जगत सरिता चेताल, पदमाश्री गोरला, सरिता मोरला, अनिता चेताल, कुसमा मरकेला, शारदा दुबे और चंद्रकला उद्दे की मेहनत और लगन से मुख्यमंत्री कन्यान्तर्गत सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में मददेड थाना प्रभारी डोंगरे पाल पात्रे और सहायक भगत सिंह नेताम और उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा।

# शिविर में हजारों ग्रामीणों की रही सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रशासन को जन-जन तक सुलभ बनाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का शुभारंभ ग्राम पंचायत ईटपाल से उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। आयोजन में आसपास की पंचायतों कांदुलनार, चिन्नाकवाली, संतोषपुर, मनकेली, कड़ेनार, पदेड़ा, पेद्दाकोरमा, धनोरा, बोरजे, मोरमेड़ और तोयनार के हजारों ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी मांगों और समस्याओं से संबंधित 120 से अधिक आवेदन प्रस्तुत किए जिनके त्वरित निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जनप्रतिनिधियों ने किया योजनाओं का प्रचार-प्रसार-



कार्यक्रम में पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, जिला पंचायत सदस्य मैथियस कुजूर एवं वरिष्ठ नागरिक घासीराम नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी विकास, वन, कृषि, मत्स्य, उद्यानिकी, पशुधन, विद्युत, उद्योग एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी विभागों ने अपने-अपने योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में दी तथा पाम्पलेट और ब्रोशर वितरित किए। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत तत्काल लाभ प्रदान किया गया। राजस्व विभाग द्वारा जाति प्रमाण पत्र एवं ऋण पुस्तिका वितरण, प्रधानमंत्री आवास अन्तर्गत नए आवासों की चाबी वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जांच, दवा एवं आयुष्मान कार्ड वितरण, टीबी मरीजों को फूड बॉक्स, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन एवं गर्भवती माताओं की गोद भराई, कृषि विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य विभाग द्वारा जाल एवं आइस बॉक्स वितरण, इसके अलाव,ए खाद्य विभाग द्वारा बस्तर मुन्ने सैचुरेशन शिविर में बनाए गए राशन कार्डों का भी वितरण किया गया।

# तर्रेम गांव में बैंक ऑफ बड़ौदा की खुली शाखा

**बीजापुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के तर्रेम गांव में अपनी 60वीं शाखा का उद्घाटन किया, जो दूरस्थ और कम सुविधा प्राप्त क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नई शाखा से उन निवासियों को लाभ होगा जिनकी औपचारिक बैंकिंग सुविधाओं तक पहले सीमित या कोई पहुंच नहीं थी।



छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वर्चुअल माध्यम से शाखा का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव, एसडीएम उसूर भूपेंद्र कुमार गावरे, उप महाप्रबंधक सीए डॉ. रमेश कुमार मोहंती और धमतरी क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक बनंबर बेहरा सहित जिला जनपद एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण अधिकारी-कर्मचारी एवं बैंक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय प्रबंधक बनंबर बेहरा के स्वागत भाषण से हुआ जिन्होंने सुदूरतम क्षेत्रों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए सरकारी पहलों का समर्थन करने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर दिया कि तर्रेम शाखा आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करेगी और भविष्य में भी इसी तरह का विस्तार जारी रहेगा। अपने संबोधन में वित्त मंत्री ने बैंक के प्रयासों की सराहना की और जिला अधिकारियों से सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देने के लिए बैंक शाखाएं खोलने हेतु ऐसे और स्थानों की पहचान करने की बात कही। उन्होंने बैंकों को सभी ग्रामीणों के लिए खाता खोलने और सरकारी लाभों तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एटीएम सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी प्रोत्साहित किया।



# पालिका अध्यक्ष ने उदयनगर वार्ड में किया सुशासन तिहार का आयोजन

- प्राप्त 38 आवेदनों का नियमानुसार करेंगे निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण किए जाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद कांकेर के उदय नगर वार्ड स्थित सांस्कृतिक भवन में शहर के चार वार्डों अलबेलापारा, उदय नगर, शिवनगर एवं माहुरबंदपारा वार्डवासियों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका परिषद अध्यक्ष अरुण कौशिक द्वारा किया गया। शिविर में मुख्य रूप से नामांतरण एवं सीमांकन के लंबित प्रकरण, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, बंद हैंडपंपों की मरम्मत, पाइप लाइन विस्तार, खराब ट्रांसफार्मर, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, वृद्धावस्था एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा उज्ज्वला योजना के पात्र हितग्राहियों के लंबित प्रकरणों का निराकरण एवं लाभ सुनिश्चित करने के साथ ही जनता से जुड़ी समस्याओं



से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। इस अवसर पर राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी नागरिकों को दी गई।

शिविर में 38 आवेदन प्राप्त हुए, जिसका नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। सुशासन तिहार पर आयोजित इस शिविर में नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पार्षद उगेश्वरी उईके, चन्द्रलोक सिंह ठाकुर, शकुंतला जैन, दीपक शोरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन मेरिया सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### शहर के विभिन्न वार्डों में होंगे शिविर

सुशासन तिहार के अवसर पर कांकेर शहर के विभिन्न वार्डों में 13 मई से 04 जून तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आम जनता की समस्या व शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन मेरिया ने बताया कि 13 मई को महादेव वार्ड के प्रेक्टिसिंग स्कूल में वार्ड क्रमांक 05, 06, 07 एवं वार्ड क्रमांक 08 के नागरिकों के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 19 मई को भण्डारीपारा के सामुदायिक भवन में वार्ड क्रमांक 09, 10 एवं वार्ड क्रमांक 11 के लिए तथा 22 मई को मांझापारा के पुराना कम्यूनिटी हॉल में वार्ड क्रमांक 12, 13 एवं वार्ड क्रमांक 14 के लिए और 27 मई को एमजीवार्ड के नया कम्यूनिटी हॉल में वार्ड क्रमांक 15, 16, 17 एवं 18 तथा 04 जून को अघन नगर के मेलाभाटा मंच पर वार्ड क्रमांक 19, 20 और वार्ड क्रमांक 21 के नागरिकों के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी भोजराज सिन्हा एवं सहायक नोडल अधिकारी पूजा सार्वा को बनाया गया है।

## मृतक के परिजनों के लिए 4 लाख की मदद मंजूर

**कांकेर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा तहसील सरोना के ग्राम साल्हेभाट निवासी 17 वर्षीय गौतम सूर्यवंशी की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उसके निकटतम वारिस अशोक कुमार सूर्यवंशी एवं पुष्पा सूर्यवंशी के लिए 04 लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार नरहरपुर द्वारा डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से किया जाएगा।

## 15 दिव्यांगों को सहायक उपकरण किया वितरित

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत छोटेबेठिया में आयोजित सुशासन तिहार में समाज कल्याण विभाग द्वारा 15 वृद्ध एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि शिविर में 01 दिव्यांग को व्हीलचेयर, 01 को श्रवण यंत्र एवं 13 दिव्यांग को छड़ी प्रदान किया गया। इसके अलावा नशा मुक्त भारत अभियान प्रचार-प्रसार करते हुए संकल्प एवं शपथ भी लिया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्‌टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### तेजस वर्कशॉप में युवाओं को मिला नवाचार और उद्यमिता का मंत्र

# जुनून-मेहनत से युवा बनें आत्मनिर्भर सरकार हर कदम पर है साथ : आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर में स्टार्टअप संस्कृति को नई उड़ान देने की दिशा में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली, जब जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कांकेर के द्वारा तेजस वर्कशॉंप का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्टार्टअप, उद्यमिता और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें सरकारी योजनाओं और उपलब्ध अवसरों की जानकारी देना रहा।

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि उद्योग विभाग का कार्य सराहनीय है, जिन्होने युवाओं को जोड़ने का कार्य कर रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने युवाओं को स्टार्टअप के माध्यम से उद्योग से जोड़ने की पहल शुरू किया है। बस्तर पूरा नक्सलवाद से ग्रसित था, जिसें केंद्र सरकार की मदद से नक्सलवाद को खत्म कर दिया है। बस्तर में आने के लिए लोग डरते थे, रायपुर के भी बस्तर में आने के लिए डरते थे, बस्तर में नक्सलाईट है, वहां कैसे होगा, वह कैसा होगा, हम पहचान पाएंगे की नही। हमारी जान की सुरक्षा, कौन करेगा, ऐसा डर हम सब में समाया रहता था। आज आप लोगो के सहयोग से बस्तर नक्सल मुक्त हुआ, पर्यटन बढ़ते जा रहा है, इसलिए सरकार ने उद्योग को प्रमुखता दिया। सरकार ने स्टार्टअप शुरू किया है और युवाओं को सामने आना चाहिए। आपको जुनुन का जरूरत होना चाहिए, छोटे छोटे उद्योग से अपनी खर्चा निकाले और आगे बढ़े। अपने माता पिता के साथ कंधा से कंधा मिलकार काम करेंगे तो पिता का भी सहयोग बना रहेगा। कार्य करने का जूनून रहेगा तो नशा से भी बचे रहेंगे, खाली रहेंगे तो नशे के भी शिकार हो जाएंगे।



**कांकेर में स्टार्टअप संस्कृति को नई उड़ान, विशेषज्ञों ने दिए टिप्स**



**भूपेंद्र को किया गया सम्मानित**

*आयोजित कार्यशाला में जिले के उभरते उद्यमी एवं क्षतिपूर्ति मोबिलिटी प्रा. लि. के स्टार्टअप फाउंडर भूपेंद्र मिश्रा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्हें नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे उपस्थित युवाओं में भी नया उत्साह देखने को मिला।*

### रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं

कार्यक्रम के दौरान स्टार्टअप इंडिया से जुड़े विशेषज्ञों ने उद्यमिता विकास, स्टार्टअप रजिस्ट्रेशन, फंडिंग के अवसर, सरकारी सहायता योजनाएं एवं नवाचार आधारित व्यवसायों पर विस्तृत जानकारी साझा की। विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान समय में युवाओं के पास रोजगार खोजने के साथ-साथ रोजगार सृजन करने की भी अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को अपने नवाचार आधारित विचारों को व्यवसाय के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

### नवाचार को बढ़ाने की विशेष

तेजस वर्कशॉप का यह आयोजन जिले में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि यदि युवाओं को सही मार्गदर्शन, संसाधन और अवसर मिले तो वे न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि समाज और जिले के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत, बाइक चालक पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना कांकेर अंतर्गत उदय नगर निवासी कमलेश्वर रामटेके की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक की पुत्री की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना पिछले वर्ष 17 नवंबर की है, जब ऊपर-नीचे रोड के पास एक बिना नंबर की पल्सर ने कमलेश्वर की स्कूटी को टक्कर मार दी थी। गंभीर चोटें आने के कारण उन्हें रायपुर और धमतरी के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया था।

